SPML इन्फ्रा को मिले 218 करोड़ रुपये के जल शोधन परियोजना के ऑर्डर

बुनियादी ढांचा विकास क्षेत्र की कंपनी SPML इन्फ्रा लि. को अपशिष्ट जल शोधन परियोजना के 218.18 करोड़ रुपये के दो ऑर्डर मिले हैं

इकोनॉमी Reported by BhashaUpdated: December 09, 2019 15:03 IST

IMAGE CREDIT: spml.co.in

मुंबई:
बुनियादी ढांचा विकास क्षेत्र की कंपनी SPML इन्फ्रा लि. को अपशिष्ट जल शोधन परियोजना के 218.18 करोड़ रुपये के दो ऑर्डर मिले हैं. कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा है कि

इनमें पहला ऑर्डर उत्तर प्रदेश जल निगम, वाराणसी से और दूसरा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम लि., बहादुरगढ़ से मिला है. कंपनी ने कहा कि पहला ऑर्डर मल शोधन संयंत्र की योजना, डिजाइन, इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण, परीक्षण और चालू करने तथा जौनपुर, उत्तर प्रदेश में नाले का रुख मोड़ने से संबंधित है. इससे गंगा को प्रदूषित होने से बचाने में मदद मिलेगी. यह परियोजना गंगा को स्वच्छ करने के राष्ट्रीय मिशन से जुड़ी है.

SPML कंपनी को यह परियोजना संयुक्त उद्यम भागीदार पुलकित प्रोजेक्ट्स के साथ हासिल हुई है.दूसरा आर्डर बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले दूषित जल के लिये शोधन संयंत्र लगाने को लेकर है. इसमें संयंत्र की योजना, डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण, परीक्षण और उसे चालू करने के लिये है. इसमें मुख्य पंपिग स्टेशन भी लगाया जायेगा.